


# APEX TRUST INSTITUTE & HOSPITAL

NH-35, VARANASI-MIRZAPUR ROAD, SAMASPUR CHUNAR MIRZAPUR – 231304

Ref. AIMS/2026/130 Date. 27/06/2026

## सूचना

**विषय–आपदा प्रबन्धन एवं सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु।**

एपेक्स ट्रस्ट इंस्टिट्यूट (आयुर्वेद, फार्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) एवं हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि संस्थान के ऑडिटोरियम में **"आपदा प्रबन्धन एवं सेवा प्रशिक्षण"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण सार्वदेशिक आर्य वीर दल के जवानों द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया जायेगा।

इस प्रशिक्षण में सार्वदेशिक आर्य वीर दल के जवानों द्वारा आपदा के समय में जीवन बचाव की व्यावहारिक तकनीकें, त्वरित बचाव कार्य, आपातकालीन प्रबन्धन, सुरक्षा तकनीकि, आत्म–विश्वास में वृद्धि, सामाजिक उत्तरदायित्व, व्यवहारिक कौशल जैसी तकनीकें सीखाई जायेगीं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी को एक जागरूक और उत्तरदायी नागरिक बनने में मदद करेगा।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठायें।

**कार्यक्रम का विवरण :**

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 28/06/2026 |
| समय | : | दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक |
| स्थान | : | ऑडिटोरियम (एपेक्स ट्रस्ट इंस्टिट्यूट) |

**मुख्य अतिथि** : **श्री दिनेश जी आर्य,** प्रमुख
सार्वदेशिक आर्य वीर दल

**कोऑर्डिनेटर**

1. अनुराधा साही
2. श्याम नंदिनी, गर्ल्स हॉस्टल
3. कौशल सिंह, ब्वायज हॉस्टल
4. विनोद वर्मा जी, हॉस्पिटल स्टॉफ

डीन
**प्रो० डॉ० सुनिल मिस्त्री**
(एपेक्स ट्रस्ट इंस्टिट्यूट)


"आपदा प्रबंधन एवं सेवा प्रशिक्षण"
(सार्वदेशिक आर्य वीर दल न्यास की इकाई)
सार्वदेशिक आर्य वीर दल सेवा समिति
द्वारा आयोजित
दिनांक- 28 जून 2026, दिन-रविवार
स्थान-एपेक्स ट्रस्ट हास्पिटल परिसर, चुनार, मिर्जापुर
और राष्ट्र निर्माण के लिए


"आपदा प्रबंधन एवं सेवा प्रशिक्षण"
आपदा प्रबंधन एवं
सेवा प्रशिक्षण
GPS Map Camera
Google
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+8p6, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.100765° Long 82.85202°
Sunday, 28/06/2026 12:13 PM GMT +05:30


"आपदा प्रबंधन एवं सेवा प्रशिक्षण"
आपदा प्रबंधन एवं
सेवा प्रशिक्षण
GPS Map Camera
Google
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+9c3, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.100733° Long 82.85139°
Sunday, 28/06/2026 12:18 PM GMT +05:30



7th
ONVOCATION
आपदा प्रबंधन एवं
सेवा प्रशिक्षण
AIMS
APEX
TRUST
INSTITUTE




GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+8p6, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.10072° Long 82.851975°
Sunday, 28/06/2026 12:19 PM GMT +05:30
Google




7th
ONVOCATION
आपदा प्रबंधन एवं
सेवा प्रशिक्षण
APEX INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
AIMS
APEX
TRUST
INSTITUTE


911.960.1990
AMBULANCE
PATIENT TRANSPORT





# एपेक्स ट्रस्ट इंस्टीट्यूट में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सम्पन्न, विद्यार्थियों को सिखाए गए जीवनरक्षक कौशल

चुनार, मिजार्पुर। एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं एपेक्स शिक्षण संस्थानों में रविवार को आपदा प्रबंधन एवं सेवा प्रशिक्षण विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एपेक्स ग्रुप के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस. के. सिंह के संरक्षण तथा एपेक्स डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सार्वदेशिक आर्य वीर दल सेवा



समिति के अध्यक्ष श्री दिनेश जी आर्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा, अनुशासन और मानवता की रक्षा का भाव युवाओं के भीतर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण समाज और राष्ट्र दोनों के लिए उपयोगी साबित होते हैं तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता और संकट के समय निर्णय लेने की दक्षता विकसित करते हैं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), सीपीआर, आग एवं अन्य आपदाओं के दौरान बचाव तकनीक, आत्मरक्षा, आपातकालीन प्रबंधन और टीमवर्क से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही प्रशिक्षित टीम द्वारा विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का लाइव प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एपेक्स डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एपेक्स ट्रस्ट इंस्टीट्यूट में छात्रों ने सीखे CPR और जीवनरक्षक तकनीकें



जगप्रकाश संवाददाता

मिर्जापुर। चुनार स्थित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं शिक्षण संस्थानों में सोमवार को ष्आपदा प्रबंधन एवं सेवा प्रशिक्षणष विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। एपेक्स के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के संरक्षण एवं डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सार्वदेशिक आर्य वीर दल सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश आर्य रहे। उन्होंने सेवा, समर्पण और संकट के समय मानवता की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहने का संदेश देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं में नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की दक्षता विकसित करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), सीपीआर (ब्च्त्), आपातकालीन प्रबंधन, अग्निकांड से बचाव, आत्मरक्षा, अनुशासन और टीमवर्क का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न आपात स्थितियों से निपटने की जीवनरक्षक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री ने प्रशिक्षण दल का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों से समाजहित में अर्जित कौशल का उपयोग करने का आह्वान किया।

# एपेक्स ट्रस्ट में आर्यवीर दल के आवासीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन, 250 युवाओं ने लिया आपदा प्रबंधन व राष्ट्रसेवा का प्रशिक्षण

चुनार, मिजार्पुर। एपेक्स ट्रस्ट प्रांगण में आयोजित आपदा प्रबंधन एवं सेवा प्रशिक्षण विषयक आवासीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को भव्य समापन समारोह के साथ समापन हुआ। सार्वदेशिक आर्यवीर दल सेवा समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से आए लगभग 250 आर्य वीर एवं वीरांगनाओं ने सहभागिता कर सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एपेक्स ग्रुप के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस. के. सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ आर्यवीर टोलियों का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी लेकर प्रशिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान शिविर में प्रशिक्षित युवाओं ने अनुशासन, आत्मरक्षा,



प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता से संबंधित विभिन्न प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। अपने संबोधन में प्रो. डॉ. एस. के. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मविश्वास, सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से युवा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शिविराध्यक्ष एवं उपसेनापति दिनेश आर्य ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने प्रशिक्षार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के माध्यम से एपेक्स ट्रस्ट ने शिक्षा, सेवा और संस्कार के साथ राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को पुनः दोहराया।